DIGITAL - EPAPER

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 218 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 30 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## अवैध बजरी खनन पर सियासी भूचाल

## नरेश मीणा के गंभीर आरोपों से गरमाई सियासत, कोटड़ी मोड़ पर प्रदर्शन आज

भीलवाड़ा फोकस @ टोंक ।

बनास नदी में गाद हटाने के नाम पर चल रहे कथित अवैध बजरी खनन को लेकर सियासत एक बार फिर गरमा गई है। अरबों रुपये के राजस्व नुकसान का आरोप लगाते हुए बीएसएस सुप्रीमो नरेश मीणा ने सरकार के साथ-साथ सत्ता और विपक्ष दोनों को कटघरे में खड़ा कर दिया है। मीणा ने साफ चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जनहित की मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया, तो यह आंदोलन जयपुर कूच में तब्दील हो जाएगा।

मीणा ने बताया कि शुक्रवार को कोटड़ी मोड़ पर 11 सूत्रीय जनहित मांगों को लेकर जन आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बनास नदी में गाद हटाने की अनुमति की आड़ में खुलेआम बजरी निकाली जा रही है, जिससे सरकार को प्रतिदिन करीब 10 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार आंखें मूंदे बैठे हैं।

मीणा ने पूरे प्रकरण में सीधे-सीधे ओम बिरला, राजेंद्र राठौड़, प्रमोद जैन भाया और आईएएस अधिकारी शिखर चंद सहित अन्य प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले भी कई बड़े नेताओं ने बनास से अवैध बजरी निकासी की बात स्वीकार की थी, लेकिन अब दबाव के चलते कोई खुलकर बोलने को तैयार नहीं है।

नरेश मीणा ने दावा किया कि बीजेपी के विधायक और सांसद टिकट कटने के डर से चुप हैं, जबकि कांग्रेस के नेता भी इस मुद्दे पर रहस्यमयी खामोशी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि गोविंद सिंह डोटासरा और अशोक चांदना का इस गंभीर मामले पर न बोलना कई




सवाल खड़े करता है। मीणा ने आरोप लगाया कि डोटासरा कथित रूप से पेपर लीक मामले के कारण दबाव में हैं, जबकि अशोक चांदना अपने खनन कारोबार को बचाने में जुटे हैं। मीणा ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसदों को लोकसभा स्पीकर की ओर से बंगले आवंटित किए गए हैं, इसी कारण वे भी खुलकर विरोध नहीं कर रहे। उन्होंने कहा कि हाड़ौती क्षेत्र में फैले इस कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़क पर उतरकर संघर्ष करने वाला फिलहाल वही अकेला व्यक्ति है।

बीएसएस सुप्रीमो ने बताया कि इस मुद्दे पर हनुमान बेनीवाल से बातचीत हो चुकी है और उन्होंने अवैध बजरी खनन का मामला संसद में उठाने का आश्वासन दिया है। मीणा ने कहा कि यदि अब भी सरकार ने चुप्पी नहीं तोड़ी, तो यह आंदोलन प्रदेशव्यापी रूप ले सकता है।

## सवाईपुर क्षेत्र में घना कोहरा, जनजीवन हुआ प्रभावित



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)** । कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार सुबह घना कोहरा छाए रहने से जनजीवन प्रभावित रहा। कोहरे के साथ चली सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कस्बे के साथ ही सोपुरा, सालरिया, ढ़ेलाणा, बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया, रेड़वास, गुवारड़ी, कुड़ी, बोरखेड़ा, बोर्डियास, खजीना, कांदा, खरेड़, पिथास, सोलंकिया का खेड़ा सहित कई गांवों में सुबह से ही कोहरा छाया रहा। ग्रामीण इलाकों में दिन चढ़ने के साथ कोहरे का असर और अधिक बढ़ता गया। कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम होने से हाईवे पर चलने वाले वाहनों को हेडलाइट जलाकर गुजरना पड़ा। वहीं ठंडी हवाओं के चलते लोग अलाव तापते नजर आए और सर्दी से बचाव के प्रयास करते दिखे। कोहरे के कारण क्षेत्र में आवागमन सहित सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा।

## बजरी माफिया कार्रवाई के बाद बड़ा फैसला : जहाजपुर थाने की कमान लोकपाल सिंह को, सख्त पुलिसिंग को मिली प्राथमिकता

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।

जिला स्पेशल टीम द्वारा बजरी माफियाओं पर की गई फिल्मी-अंदाज़ की कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे ने बड़ा प्रशासनिक निर्णय लेते हुए जहाजपुर थाना प्रभारी को बदल दिया है। कानून व्यवस्था को लेकर उठे सवालों और सख़्त व भरोसेमंद पुलिसिंग की आवश्यकता को देखते हुए लोकपाल सिंह को जहाजपुर थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति पूर्व थानाधिकारी राजकुमार नायक को लाइन हाजिर किए जाने के बाद की गई है।

लोकपाल सिंह इससे पूर्व बिजोलिया थाना प्रभारी के रूप में कार्यरत थे, जहां उन्होंने अपने कार्यकाल में सख़्त, अनुशासित और परिणाम देने वाली पुलिसिंग की मिसाल पेश की। बिजोलिया में नकबजनी, अवैध मादक पदार्थ तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अपराधियों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई कर उन्होंने अपराध पर मज़बूत अंकुश लगाया। उनकी सक्रियता, त्वरित निर्णय क्षमता और ज़ीरो टॉलरेंस नीति के चलते अपराधियों में भय का माहौल बना, वहीं आम नागरिकों



में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत हुई। इसी प्रभावी ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए उन्हें अब जहाजपुर जैसे संवेदनशील थाना क्षेत्र की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है।

लोकपाल सिंह को एक मज़बूत, अनुशासित और कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले अधिकारी के रूप में जाना जाता है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि अवैध गतिविधियों पर सख़्त नियंत्रण होगा और जहाजपुर थाना क्षेत्र में पुलिसिंग को नई दिशा मिलेगी।

## कोटा के उद्योग नगर में घर के बाहर हमला, 14 दिन में दूसरी वारदात से दहशत

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।

**गर्वित।** उद्योग नगर थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक घर के बाहर पाइप व डंडों से हमला कर दहशत फैला दी। 14 दिन में दूसरी बार हुई इस वारदात से इलाके के लोग सहमे हुए हैं। पूरी घटना गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पंचमुखी चौराहा, प्रेम नगर थर्ड निवासी धनराज सेन ने बताया कि रात करीब 9 बजे वे परिवार के साथ घर में मौजूद थे। इसी दौरान 3-4 युवक हाथों में पाइप और डंडे लेकर उनके घर के बाहर पहुंचे। आरोपियों ने बाहर खड़ी बाइक में तोड़फोड़ की, गेट पर पत्थर फेंके




और करीब एक मिनट तक ताबड़तोड़ हमला किया। धनराज के बाहर आते ही बदमाश मौके से फरार हो गए।

सूचना पर पुलिस की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन आरोपी हाथ नहीं आए। धनराज ने बताया कि गली में रात के समय कुछ युवक तेज रफ्तार पावर बाइक से घूमते रहते हैं। 16 जनवरी की रात बाइक अड़ने पर उन्हें धीमे चलाने को कहा था, जिसके बाद अगले दिन उनके घर पर पत्थर फेंके गए थे। उस शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने के चलते बदमाशों के हौसले बढ़ गए और 14 दिन बाद फिर हमला किया गया। लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है।

## माण्डलगढ़-बिजोलिया में 6 चिकित्सकों की नियुक्ति, विधायक खण्डेलवाल के प्रयासों से मिली बड़ी राहत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**कपिल श्याम विजय।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त शासन सचिव निशा मीणा द्वारा आदेशों की प्रतीक्षा में कार्यरत 299 चिकित्सकों तथा पीजी/डिप्लोमा पूर्ण कर चुके 657 चिकित्सकों के स्थानांतरण आदेश जारी किए गए हैं। इन आदेशों में माण्डलगढ़ विधानसभा क्षेत्र को महत्वपूर्ण सौगात मिली है।विधायक गोपाल खण्डेलवाल के प्रयासों से माण्डलगढ़ एवं बिजोलिया क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु नई नियुक्तियां की गई हैं। आदेशानुसार बिजोलिया में एमबीबीएस, पीसीपीएनडीटी डॉ. मनोज कुमार की नियुक्ति की गई है, जबकि माण्डलगढ़ में डॉ. मुकेश



कुमार बलाई को पदस्थापित किया गया है।

इसी क्रम में पीजी/डिप्लोमा पूर्ण करने वाले चिकित्सकों में डॉ. सतपाल कुरी (एनएई), डॉ. किशोर कुमार डांगी (बायो केमेस्ट्री) एवं डॉ. कमल कुमावत (मेडिसिन) को माण्डलगढ़ में तथा बिजोलिया में डॉ. कमल कुमार राचोया ( मेडिसिन) को लगाया गया है। विधायक प्रतिनिधि मनोज सनाढ़्य और एडवोकेट सुनील जोशी ने बताया की नई नियुक्तियों से क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा और आमजन को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस उपलब्धि पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo. 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## नला के माताजी के पास हाईवे पर भालू की मौत, दो लोग गंभीर घायल



भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।

**रमेश गुर्जर ।** राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर नला के माता जी के समीप गुरुवार को एक सड़क हादसे में कार के सामने अचानक भालू के आ जाने से तेज टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि भालू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार पलटी खाकर खाई में जा गिरी , जिससे कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों कोटा प्रेमनगर निवासी हर्षित पिता सुनील सोनी व चंद्र प्रकाश पिता पांचू राम को डाबी अस्पताल ले जाया गया , जहाँ हालत गंभीर होने पर कोटा रेफर किया गया, जहां उनका उपचार जारी है। नंदलाल गुर्जर ने बताया की कोटा की ओर से आ रही कार के सामने अचानक भालू के आने से हादसा हुआ । घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की है ।

मृतक भालू का शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा ।

गुर्जर ने बताया कि क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों ओर रेलिंग नहीं होने के कारण अक्सर वन्यजीव सड़क पार करते समय वाहनों की चपेट में आ जाते हैं, जिससे ऐसे हादसे हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मार्ग पर सुरक्षा रेलिंग और चेतावनी संकेतक लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में जानमाल का नुकसान रोका जा सके।

# कोटड़ी में विद्यार्थियों के लिए विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

## पढ़ाई के साथ कानून की जानकारी भी जरूरी - आमेरा

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।

राजेन्द्र बबलू पोखरना



मुख्यालय स्थित नोबल पब्लिक स्कूल, में तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में विधिक चेतना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता न्यायिक मजिस्ट्रेट वर्षा आमेरा ने की।

अपने उद्बोधन में आमेरा ने विद्यार्थियों को छोटे-छोटे कानूनों की जानकारी देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ कानून की जानकारी भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने धूम्रपान निषेध कानून, नकल विरोधी कानून, एफआईआर की प्रक्रिया, संविधान में वर्णित मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

शिविर के मुख्य अतिथि वासुदेव पंचोली एवं राजेश आचार्य ने भी विद्यार्थियों को विभिन्न कानूनों व धाराओं की उपयोगी जानकारी प्रदान की। विद्यालय के निदेशक उमेश वैष्णव ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। आमेरा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए आगामी परीक्षाओं में पूरी मेहनत करने तथा नकल न करने की प्रेणा दी।

कार्यक्रम में अनेक अभिभावक, एसडीएमसी सदस्य एवं विद्यालय के अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# 'गिव अप' अभियान में भीलवाड़ा प्रदेश में अग्रणी

## 3.22 लाख अपात्र लाभार्थी एनएफएसए से बाहर, 2.55 लाख जरूरतमंद परिवारों को मिला लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

मूलचन्द पेसवानी



जिले में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित 'गिव अप' अभियान लगातार नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। अभियान के तहत जिला प्रदेश में अग्रणी बनकर उभरा है। जिले में अब तक 2 लाख 46 हजार 190 लोगों ने स्वेच्छा से एनएफएसए योजना का लाभ छोड़कर सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया है।

इसके अलावा ई-केवाईसी के माध्यम से 75 हजार 824 लोग एनएफएसए योजना से बाहर हुए है। इस प्रकार कुल 3 लाख 22 हजार 14 अपात्र लाभार्थियों को योजना से हटाया गया है।

अपात्र लाभार्थियों के हटने से 2 लाख 55 हजार 317 पात्र लेकिन वंचित परिवारों को एनएफएसए योजना में शामिल किया जा सका है। इससे वर्षों से प्रतीक्षारत जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सुरक्षा का लाभ मिलना सुनिश्चित हुआ है।

विभाग के अनुसार अपात्र लोगों के बाहर होने से सरकार को खाद्य, गैस, बीमा एवं चिकित्सा सब्सिडी पर होने वाले व्यय में बड़ी बचत होगी, जबकि नये जुड़े लाभार्थियों को इन सभी योजनाओं का समुचित लाभ मिलेगा। 'गिव अप' अभियान के अंतर्गत चार पहिया वाहन मालिक, सरकारी कार्मिक, आयकरदाता एवं एक लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले लोगों ने स्वेच्छा से एनएफएसए लाभ छोड़ा है। अभियान में समाज के सभी वर्गों, जनप्रतिनिधियों तथा सोशल, प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का उल्लेखनीय योगदान रहा है।

खाद्य विभाग द्वारा एमएसपी पर 100 क्विंटल से अधिक गेहूं बेचने वाले लाभार्थी परिवारों की भी जांच की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि योजना 28 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगी। इसके बाद 1 मार्च 2026 से अपात्र लाभार्थियों से 30.57 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से गेहूं की वसूली की जाएगी।

# ऑटो टिपर चार्ज को लेकर व्यापारियों का आक्रोश , महापौर को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



नगर निगम द्वारा सफ़ाई के नाम पर फ़ूड एवं होटल व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों से वसूले जा रहे ऑटो टिपर चार्ज को लेकर असंतोष सामने आया है। इसी को लेकर भीलवाड़ा फ़ूड व्यापार मंडल के नेतृत्व में व्यापारियों ने नगर निगम महापौर को ज्ञापन सौंपते हुए शुल्क को हटाने अथवा कम करने की माँग की।

भीलवाड़ा फ़ूड व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण व्यास के नेतृत्व में व्यापारियों ने बताया कि फ़ूड एवं होटल व्यवसाय पहले से ही मंदी और बढ़ती महंगाई से जूझ रहा है। बिजली, गैस, पानी, सफ़ाई शुल्क, कर्मचारियों के वेतन तथा विभिन्न सरकारी करों के कारण व्यापारियों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। परिणामस्वरूप कई होटल व रेस्टोरेंट बंद होने की स्थिति में हैं, जिससे व्यापारी व कर्मचारी बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। संगठन के सचिव संदीप तोतला सहित मुकेश जैन, मनोज लोढ़ा, राम बाबू गगड़, चिमनलाल व अन्य व्यापारियों ने कहा कि व्यापारी पहले ही लाइट बिल के साथ अनेक प्रकार के शुल्क अदा कर रहे हैं, ऐसे में अतिरिक्त ऑटो टिपर चार्ज देना संभव नहीं है।

जिलाध्यक्ष व्यास ने कहा कि वर्तमान हालात में व्यापारी कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। ऐसे समय में सरकार और नगर निगम का दायित्व है कि व्यापारियों को राहत प्रदान की जाए। ज्ञापन पर महापौर राकेश पाठक ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर सफ़ाई ऑटो टिपर चार्ज को कम करने का आश्वासन दिया, जिससे व्यापारियों में संतोष देखा गया।

इस अवसर पर पार्षद हेमंत शर्मा, ओम साईं राम एवं अशोक खंडेलवाल का सहयोग सराहनीय रहा।

मौके पर संगठन के पदाधिकारी राजकुमार दरियानी, देवेंद्र शर्मा, मनोज रामावत, अभिषेक जैन, हर्षद कौशिक, आशीष कसारा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# 130 गांवों के लिए AEN कार्यालय जरूरी, मंत्री को भेजा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया। ।



मानव तिवाड़ी। उपखंड क्षेत्र में जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए ऊपरमाल पर्यावरण समिति के उपाध्यक्ष शक्ति नारायण शर्मा ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल मंत्री को पत्र लिखकर उपखंड मुख्यालय पर जलदाय विभाग का सहायक अभियंता (AEN) कार्यालय खोलने की मांग की है।

पत्र में शर्मा ने बताया कि उपखंड में लगभग 130 गांव शामिल हैं। उपखंड मुख्यालय की आबादी करीब 40 हजार तथा पूरे उपखंड की जनसंख्या लगभग 1 लाख 30 हजार है। वर्तमान में बिजोलिया नगर में करीब 3500 नल कनेक्शन हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग जल कनेक्शन संचालित हैं।

शर्मा ने बताया कि बिजोलिया में उपखंड कार्यालय, तहसील कार्यालय, पंचायत समिति, नगर पालिका, विद्युत विभाग का सहायक अभियंता कार्यालय, उप जिला चिकित्सालय, मुंसिफ कोर्ट तथा राजकीय महाविद्यालय जैसे महत्वपूर्ण संस्थान पहले से संचालित हैं। इसके अलावा बिजोलिया ऐतिहासिक क्षेत्र होने के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर स्थित है।

शर्मा ने बताया कि मुख्यालय में कुल चार विभागीय परिसर हैं, जिनमें एक कनिष्ठ अभियंता कार्यालय संचालित है। परियोजना खंड द्वारा नया कनिष्ठ अभियंता कार्यालय भवन तैयार किया गया है, जिसमें ब्लॉक स्तरीय प्रयोगशाला भी संचालित की जानी है। इसके अतिरिक्त परियोजना खंड के पंप हाउस परिसर में एक अन्य भवन उपलब्ध है, जो श्रह कार्यालय संचालन के लिए पूरी तरह उपयुक्त है।

उन्होंने यह भी बताया कि बिजोलिया उपखंड में मंडोल बांध, पचानपुरा बांध, मोतीपुरा बांध एवं झुंड का नाका बांध सहित चार बड़े बांध हैं, जिनसे पेयजल आपूर्ति और सिंचाई की जाती है। क्षेत्र में 20 लाख लीटर क्षमता का फिल्टर प्लांट स्थापित है तथा चंबल परियोजना के तहत सभी राजस्व गांवों को चंबल नदी के जल से जोड़ा गया है।

बिजोलिया मुख्यालय में प्रतिदिन लगभग 25 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होती है, इसके बावजूद यहां सहायक अभियंता कार्यालय नहीं है, जबकि भीलवाड़ा जिले के अन्य क्षेत्रों जहां क्षेत्रफल और कनेक्शन कम हैं वहां AEN कार्यालय पहले से संचालित हैं।

शर्मा ने पत्र में यह भी बताया कि बिजोलिया में श्रह कार्यालय खोलने से सरकार पर किसी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा, क्योंकि आवश्यक भवन और आधारभूत ढांचा पहले से उपलब्ध है।

उन्होंने मांग की कि बिजोलिया में शीघ्र सहायक अभियंता कार्यालय खोला जाए, जिससे जलदाय विभाग से जुड़े मामलों का समाधान स्थानीय स्तर पर हो सके और क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

# भीलवाड़ा की तन्वी जैन ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया मेवाड़ का मान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



जैन सोशल इंटरनेशनल फेडरेशन मेवाड़ रीजन द्वारा उदयपुर में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक मंचों पर जेएसजी भीलवाड़ा की सदस्य तन्वी जैन ने गायन कला में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भीलवाड़ा और मेवाड़ रीजन का नाम रोशन किया है।

19 जनवरी को आयोजित गायन कला प्रतियोगिता में तन्वी जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए वॉइस ऑफ जेएसजीआईएफ मेवाड़ रीजन का खिताब अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने 25 जनवरी को इंदौर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता वॉइस ऑफ जेएसजीआईएफ में भाग लेने की योग्यता भी अर्जित की। जेएसजी सदस्य मनीष बंब ने बताया कि इंदौर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में तन्वी जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर जेएसजी भीलवाड़ा सहित पूरे मेवाड़ रीजन का सम्मान बढ़ाया।

# बिजौलियाँ में 'शिक्षा मार्ग' बना संकट मार्ग

## सालों से जर्जर सड़क, गड्डों-कीचड़ में फंस जाते है बच्चे, प्रशासन बेख़बर

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियाँ।

नरेश धाकड़ उपखण्ड क्षेत्र के सबसे बड़े राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तक पहुंचने वाली मुख्य सड़क आज खुद बदहाली की तस्वीर बन चुकी है। जावदा, छोटी बिजौलियां, सहित कई गांवों को जोड़ने वाला यह अहम मार्ग कई वर्षों से पूरी तरह खस्ताहाल है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढे, कीचड़ और पानी से लबालब सड़क ने आम राहगीरों से लेकर वाहन चालकों और स्कूली बच्चों तक की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं।

विडंबना यह है कि यही सड़क राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कस्तूरबा बालिका छात्रावास तक पहुंचने का एकमात्र प्रमुख मार्ग है। बावजूद इसके, इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं। स्कूल समय में हालात और भयावह हो जाते हैं पैदल आने-जाने वाले छात्रों को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है, वहीं तेज रफ्तार वाहनों से उछलता गंदा पानी बच्चों की ड्रेस तक खराब कर देता है।

समस्या यहीं खत्म नहीं होती। स्कूल के समीप इंदिरा कॉलोनी में नालियों का अभाव है, जिससे घरों का गंदा पानी सीधे मुख्य सड़क पर बहता है। नतीजा सड़क की हालत दिन-प्रतिदिन और बदतर होती जा रही है। लंबे समय से यह मार्ग उपेक्षा का शिकार है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर ठोस कार्रवाई नज़र नहीं आती।स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतें होती रहीं, मगर समाधान सिर्फ कागज़ों तक सिमटा रहा। शिक्षा के इस मुख्य मार्ग की दुर्दशा ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है क्या बच्चों की सुरक्षा और पढ़ाई तक पहुंच आसान बनाना प्राथमिकता में नहीं ।



# यातायात पुलिस ने चौराहों पर वाहन चालकों को किया जागरूक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, खतरनाक एवं गलत दिशा में वाहन नहीं चलाने, दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने तथा वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही बताया गया कि गलत दिशा या खतरनाक तरीके से वाहन चलाने पर बीएनएस 2023 की धारा 281 के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें, लापरवाही न बरतें और सड़क सुरक्षा में सहयोग प्रदान करें, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।



QUICK BITES

# बानोड़ा बालाजी के श्रीराम दिव्य रथ का भव्य स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ ।



**महावीर वैष्णव** कस्बे में दाता देवनारायण भगवान के नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति प्रतिष्ठान एवं कलश स्थापना के उपलक्ष्य में धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला जारी है। इसी क्रम में श्री श्री 1008 बानोड़ा बालाजी के आचार्यत्व एवं श्री श्री 1008 शेषावतार श्री कल्ला महाराज के सानिध्य में श्रीकृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर श्री संकट मोचन हनुमान महाराज का श्रीराम दिव्य रथ गुरुवार सुबह सवा दस बजे जलिंद्री से महुआ के लिए रवाना हुआ, जो सायं करीब 5 बजे कस्बे में पहुँचा। रथ के महुआ पहुँचने पर ग्रामीणों ने गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया।

कस्बे के मुख्य मार्ग पर जगह-जगह स्वागत द्वार लगाए गए। इस शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण एवं धर्मरक्षक बंधु श्रीराम दिव्य रथ में धर्म रक्षा के संकल्प के साथ शामिल हुए और पुण्य लाभ अर्जित किया।

# डीएमएफटी फंड से सड़क व विद्यालय भवन को मिली स्वीकृति

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा



**(परमेश्वर)** 13वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में डीएमएफटी फंड से स्वीकृत सूची के तहत सरदार नगर क्षेत्र को महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगात मिली है। क्षेत्रीय विधायक डॉ. लालाराम बैरवा के प्रयासों से कोडलाई से सरदार नगर तक 2 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 90 लाख रुपये तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरदार नगर में दो कक्षा-कक्ष निर्माण के लिए 20.26 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

यह स्वीकृति पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल चरण सिंह सिसोदिया, पूर्व भाजपा मंडल उपाध्यक्ष उस्ताद लक्ष्मी लाल सोनी, सरपंच बालूराम जाट, पूर्व भाजपा मंडल महामंत्री बनेड़ा एवं युवा समाजसेवी शंकर कुमावत, भाजयुमो के पूर्व मंडल महामंत्री परमेश्वर दमामी सहित ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग के परिणामस्वरूप मिली है।

सड़क निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, वहीं विद्यालय में कक्षा-कक्ष निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा। इन विकास कार्यों की स्वीकृति से ग्रामवासियों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने विधायक डॉ. लालाराम बैरवा का आभार व्यक्त किया है ।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# हरिशेवा उदासीन आश्रम का बड़ा योगदान

## गौरक्षा अभियान के लिए 10.43 लाख का चेक दादू दयाल गौशाला समिति को सौंपा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**मूलचंद पेसवानी**



गौसेवा एवं गौरक्षा अभियान को सशक्त करने की दिशा में हरिशेवा उदासीन आश्रम की ओर से महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया है। आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने दादू दयाल गौशाला समिति को गौरक्षा अभियान के लिए वाहन व्यवस्था हेतु 10 लाख 43 हजार 800 रुपये का चेक सौंपा।

यह चेक जयपुर से आए संस्था सचिव भानु प्रताप को प्रदान किया गया। यह राशि हरिशेवा धर्मशाला की ओर से दी गई है। उल्लेखनीय है कि बीती 30 दिसंबर को महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के जन्मोत्सव के अवसर पर आश्रम में आयोजित गौसम्मान आह्वान अभियान सम्मेलन में इस सहयोग की घोषणा की गई थी। यह सम्मेलन महंत स्वामी प्रकाश दास महाराज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ था। स्वामी हंसराम उदासीन ने बताया कि उपलब्ध कराए जाने वाला वाहन गौसेवा, गौरक्षा तथा इनके प्रचार-प्रसार कार्यों में उपयोग किया जाएगा, जिससे देशभर में अभियान को नई गति मिलेगी। साथ ही वाहन चालक एवं संचालन (ईंधन आदि) के लिए अलग से ?5 लाख का चेक भी शीघ्र प्रदान किए जाने की घोषणा की गई, ताकि अभियान निरंतर और सुचारु रूप से संचालित हो सके। इस अवसर पर आश्रम के संतों, सेवाभावी कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# चम्बल के पानी को तरसे उरना निवासी, कई दिनों से जलापूर्ति ठप

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़



ग्राम पंचायत बाकरा के राजस्व गांव उरना में चम्बल जलापूर्ति बंद होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। पिछले कई दिनों से चम्बल का पानी नहीं मिलने के कारण गांव में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। हालात यह हैं कि ग्रामीणों को दूर-दराज़ से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे आमजन को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।वार्ड पंच रतनलाल प्रजापत ने चम्बल का पानी तत्काल शुरू करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन चम्बल विभाग द्वारा अब तक कोई सुनवाई नहीं की गई। विभागीय लापरवाही के चलते आमजन की दैनिक जरूरतें प्रभावित हो रही हैं।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र जलापूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। वहीं, क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर वैकल्पिक जल व्यवस्था कराने और स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है।

# गांधी पुण्यतिथि पर वैश्विक मंच से गूंजा वैष्णव जन तो

## भीलवाड़ा मूल की डॉ. अंजली शर्मा तिवारी के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय प्रस्तुति





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

**मूलचन्द पेसवानी**

भारतीय संस्कृति और महात्मा गांधी के मानवीय मूल्यों को संगीत के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाने का सराहनीय प्रयास गीतांजलि ललित कला अकादमी, यूनाइटेड किंगडम द्वारा किया गया है। जिले के गुलाबपुरा मूल की डॉ. अंजली शर्मा तिवारी के निर्देशन में गांधीजी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो' पर आधारित संगीतमय प्रस्तुति तैयार की गई।

इस प्रस्तुति में 50 ब्रिटिश-जनित एवं ब्रिटिश-भारतीय विद्यार्थियों व कलाकारों ने सामूहिक गायन किया, जिसे महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी को जारी किया गया। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को गांधीजी के सत्य, अहिंसा, करुणा और सेवा जैसे मूल्यों से जोड़ना है।

अकादमी की निदेशक जयिता घोष के नेतृत्व में इस परियोजना का रचनात्मक निर्देशन डॉ. अंजली शर्मा तिवारी और सुनील जाधव ने किया, जबकि रिकॉर्डिंग व संगीत संयोजन कौशिक शुक्ला द्वारा लंदन स्थित मिल हिल स्टूडियो में किया गया। यह प्रस्तुति भारतीय संस्कृति को वैश्विक मंच पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करती है।

# श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महोत्सव का हुआ शुभारंभ, शोभायात्रा निकाली





भीलवाड़ा फोकस @ सावर

**(दिलखुश)** कस्बे के श्री खाटूश्याम मंदिर प्रांगण में समस्त ग्रामीणों के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महोत्सव का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। शुभारंभ अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। गुरुवार को कस्बे के कल्याणजी मंदिर से गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा रवाना हुई, जो कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई कथा स्थल श्री खाटूश्याम मंदिर प्रांगण पहुंची। शोभायात्रा में 51 महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में मुख्य यजमान रजनीश शर्मा सपरिवार श्रीमद् भागवत को सिर पर धारण कर अग्रिम पंक्ति में चल रहे थे। वहीं श्रीमद् भागवत के साथ पंडित लक्ष्मीकांत शर्मा, युवा भाजपा नेता मनजीत सिंह शक्तावत, रोहित गुर्जर, अभिषेक शर्मा, हर्षित कुमावत, राहुल नैणावा व बसंत माली झंडा एवं चंवर लेकर शामिल रहे। अन्य श्रद्धालु ध्वज-पताकाएं लेकर शोभायात्रा में सम्मिलित हुए।

कथा स्थल पर श्रीमद् भागवत को विधिवत विराजमान किया गया। इस अवसर पर कथा वाचक पंडित पुष्प मुरारी बापू ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से पापों से मुक्ति मिलती है। भागवत में समस्त धर्मग्रंथों का सार समाहित है।

सच्चे मन से कथा श्रवण करने से सुख, शांति एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि धर्म का मार्ग गरीबों की सेवा एवं कल्याणकारी कार्यों से होकर जाता है, जिससे मानव भवसागर पार कर सकता है।

# बाल व महिला चेतना समिति की जनसुनवाई, महिलाओं ने रखीं मूलभूत समस्याएं



भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।

बाल व महिला चेतना समिति द्वारा क्षेत्र में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर अपनी दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं को सामने रखा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति अध्यक्ष तारा अहलूवालिया ने बताया कि जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों को एक साझा मंच पर संकलित कर उन्हें संबंधित विभागों तक तथ्यात्मक रूप में पहुंचाना है, ताकि नियमानुसार समाधान की प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सड़क व प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के सीमित अवसर प्रमुख समस्याओं के रूप में उभरकर सामने आए हैं।

जनसुनवाई के दौरान उपस्थित नागरिकों ने साफ-सफाई की बदहाल स्थिति, विकास कार्यों में अनियमितता, पेंशन भुगतान में विलंब, कुछ आवेदनों के निरस्तीकरण, अधूरे सड़क निर्माण, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों, जाति प्रमाण पत्र एवं मजदूर डायरी से जुड़ी दिक्कतों के साथ-साथ महिलाओं के रोजगार से संबंधित मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए। समिति अध्यक्ष तारा अहलूवालिया ने जनसुनवाई में प्राप्त सभी बिंदुओं का संकलन कर संबंधित प्रशासनिक विभागों को अवगत कराने तथा समाधान के लिए निरंतर प्रयास करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर संस्था के कार्यकर्ता परमेश, भावना, श्याम लाल एवं विशाल उपस्थित रहे।

# तीन दिन की बच्ची के लिए इमरजेंसी में किया ओ नेगेटिव रक्तदान , अर्पित बने जीवनदाता

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

रक्तदान-जीवनदान का संदेश देते हुए राजकीय महात्मा गांधी चिकित्सालय के ब्लड बैंक में भर्ती तीन दिन की बच्ची के लिए इमरजेंसी में ताज़ा ओ नेगेटिव रक्त की आवश्यकता होने पर ब्लड बैंक जनसंपर्क अधिकारी अर्पित बाहेती ने तत्काल रक्तदान किया।

सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के सचिव गोपाल विजयवर्गीय ने बताया कि नवजात बच्ची के लिए तात्कालिक रूप से ताज़ा रक्त की आवश्यकता थी, जिस पर अर्पित बाहेती ने बिना विलंब रक्तदान कर मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया। बाहेती इससे पूर्व भी अर्धरात्रि में कई बार आपातकालीन रक्तदान कर चुके हैं तथा अब तक 50 से अधिक बार दुर्लभ रक्तदान कर चुके हैं।



इस अवसर पर ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. दीपक गोयल, डॉ. प्रतिभा, डॉ. जया, प्रभारी दिनेश शर्मा, एलटी नारायण कुमावत एवं नवीन मीना सहित समस्त स्टाफ ने रक्तदाता का उत्साहवर्धन किया। सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन की ओर से रक्तदाता के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# पवन क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता का खिताब मेजबान बोरखेड़ा ने जीता, गेगा का खेड़ा को 3 विकेट से हराया

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

**(सांवर वैष्णव)** । कस्बे के निकटवर्ती बोरखेड़ा गांव में पवन वैष्णव की स्मृति में आयोजित पवन क्लब क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बुधवार शाम को खेला गया। फाइनल में मेजबान बोरखेड़ा की टीम ने गेगा का खेड़ा को 3 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया।

विक्रम वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बोरखेड़ा निवासी पवन वैष्णव का गत वर्ष सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। उनकी स्मृति में साथी खिलाड़ियों द्वारा पवन क्लब क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत की गई, जिसका उद्घाटन 20 जनवरी को हुआ था। प्रतियोगिता के फाइनल में गेगा का खेड़ा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 70 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान बोरखेड़ा की टीम ने 7 विकेट खोकर जीत दर्ज की और खिताब पर कब्जा जमाया। खिलाड़ियों ने यह जीत स्व. पवन वैष्णव को समर्पित की।



समापन समारोह में मुख्य अतिथि कोटड़ी के पूर्व प्रधान विजय सिंह, बडलियास प्रशासक प्रकाश चंद्र रैगर, पूर्व सरपंच विजय सिंह बोरखेड़ा, गेगा का खेड़ा के पूर्व सरपंच कैलाश चंद्र शर्मा एवं किशनगढ़ के पूर्व उपसरपंच रामपाल तेली ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

फाइनल मुकाबले में हर्षराज सिंह को मैन ऑफ द मैच, कन्नू गर्ग को बेस्ट बॉलर तथा भंवर जाट को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। इस अवसर पर प्रहलाद सिंह, राजू वैष्णव, चंद्रभान सिंह, करण सिंह, सवाईराम सेन, गजराज सिंह, दीपक वैष्णव, अंकित गर्ग, राजू वैष्णव मोतीपुरा सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# हिन्दू सम्मेलन:रात्रि कीर्तन में उमड़ा जनसैलाब, माहौल हुआ भक्तिमय

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

नरसिंह बस्ती में गुरुवार को आयोजित हिन्दू सम्मेलन के पावन अवसर पर भक्ति और शक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। सम्मेलन के अंतर्गत निकाली गई बस्ती रात्रि कीर्तन और नगर कीर्तन ने पूरे क्षेत्र को धार्मिक उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया।

आयोजन के दौरान प्रभु के जयकारों और मधुर भजनों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। नगर कीर्तन में मातृ-शक्ति की विशेष भागीदारी रही। बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने भक्ति भाव से कीर्तन में सहभागिता निभाई और पूरे माहौल को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। पुरुषों एवं बुजुर्गों ने भी पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया।

कीर्तन में युवाओं की सक्रिय सहभागिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। नव-युवकों की टोली ने 'ब्रह्म लोक में ब्रह्मा नाचे...' जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। 'जागो हिन्दू एक बार जागो' और 'उठ जाग मुसाफिर भोर भई' जैसे प्रेरक गीतों के



माध्यम से समाज को जागृत करने का संदेश दिया गया। वहीं 'श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी' और 'हरे रामा हरे रामा' के महामंत्रों से पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस कीर्तन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, सद्भाव और धर्म के प्रति जागरूकता का भाव जागृत करना है। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने धर्म रक्षा और सामाजिक एकजुटता का संकल्प लिया।

# सुभाष नगर माहेश्वरी महिला मंडल के चुनाव निर्विरोध संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

नगर माहेश्वरी महिला संस्थान की अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी के निर्देशन में सुभाष नगर माहेश्वरी महिला मंडल के आगामी सत्र के लिए अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं संगठन मंत्री पदों पर चुनाव प्रक्रिया निर्विरोध संपन्न हुई।

चुनाव पर्यवेक्षक स्नेहलता तोषनीवाल एवं कल्पना सोनी की उपस्थिति में रेखा बांगड़ को अध्यक्ष, सुनीता लाहोटी को सचिव, उर्मिला राठी को कोषाध्यक्ष तथा रेणु लढ़ा को संगठन मंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इस दौरान वर्तमान अध्यक्ष गीता गांधी का सानिध्य रहा।




नव निर्वाचित अध्यक्ष रेखा बांगड़ ने कहा कि निर्विरोध निर्वाचन सामाजिक एकता और आपसी सहयोग की भावना का प्रतीक है, जिससे संगठन और अधिक मजबूत होता है। उन्होंने सभी सदस्यों के सहयोग से मंडल को नई दिशा देने का संकल्प व्यक्त किया।

कार्यक्रम में कुसुम गट्टाणी, उर्मिला अजमेरा, इंद्रा अजमेरा, रीना सोमानी, रमा सोडाणी, गीता मालू, नीलकमल अजमेरा, तारा लाहोटी, मंजू शारदा, सुनीता तोषनीवाल, रेणु काकाणी, आराधना पोरवाल सहित सभी सदस्यों का सहयोग रहा। अंत में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर एवं मुँह मीठा कराकर स्वागत किया गया।

# शाहपुरा के हिमांशु पेसवानी 'टॉप 20 इंस्पायरिंग सेल्स एंड मार्केटिंग माइंड्स 2026' में शामिल

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी** कम उम्र में बड़ी पहचान बनाना हर किसी के बस की बात नहीं होती, लेकिन शाहपुरा मूल के युवा उद्यमी हिमांशु पेसवानी ने यह कर दिखाया है। महज 22 वर्ष की आयु में हिमांशु को 'टॉप 20 इंस्पायरिंग सेल्स एंड मार्केटिंग माइंड्स 2026' की प्रतिष्ठित सूची में शामिल किया गया है। यह चयन देशभर के 218 सेल्स व मार्केटिंग प्रोफेशनल्स में से एआई आधारित स्क्रीनिंग और स्वतंत्र जूरी मूल्यांकन के बाद किया गया।

हिमांशु वर्तमान में जयपुर स्थित डिजिटल मार्केटिंग एजेंसी एवं बिजनेस कंसल्टेंसी पेसवानी पिक्सल्स के संस्थापक हैं। उनकी एजेंसी स्टार्टअप्स, व्यापारिक संस्थानों और उभरते ब्रांड्स को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पहचान दिलाने, लीड जनरेशन और ऑनलाइन बिक्री बढ़ाने में सहयोग कर रही है। खास बात यह है कि पेसवानी पिक्सल्स पूरी तरह स्व-स्थापित कंपनी है, जिसे हिमांशु ने अपनी मेहनत और कौशल के बल पर खड़ा किया।

हिमांशु बताते हैं कि नौवीं कक्षा में एक शिक्षक की टिप्पणी 'यह आगे चलकर केक की दुकान ही लगाएगा 'उनके लिए चुनौती बन गई। उसी ने उन्हें खुद को साबित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने डिजिटल मार्केटिंग को नौकरी नहीं, बल्कि उद्यमिता के अवसर के रूप में अपनाया और कम समय में अलग पहचान बनाई।

इस मुकाम तक पहुंचने के लिए हिमांशु ने व्यक्तिगत सुविधाओं का त्याग किया, रातों तक मेहनत की और लगातार नए स्किल्स



सीखे। यह सम्मान उनके लिए केवल अवॉर्ड नहीं, बल्कि उन सभी शंकाओं का जवाब है, जो कभी उनकी क्षमता पर उठी थीं।

अपने से दोगुनी उम्र के अनुभवी प्रोफेशनल्स के बीच टॉप 20 में जगह बनाना इस बात का प्रमाण है कि हिमांशु का काम स्थानीय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर पहचाना जा रहा है। उनकी इस उपलब्धि से शाहपुरा सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

व्यापारी और युवा मानते हैं कि हिमांशु ने साबित कर दिया है कि उम्र नहीं, सोच और स्किल मायने रखती है। उनकी सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा है कि स्पष्ट लक्ष्य और निरंतर मेहनत से कम उम्र में भी राष्ट्रीय पहचान बनाई जा सकती है।

## QUICK BITES

### 1 फरवरी को आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारी बैठक आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)** । कस्बे में आगामी 1 फरवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बुधवार रात्रि को बड़े चारभुजा नाथ मंदिर प्रांगण में बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता श्याम सुंदर श्रोत्रिय ने की। उन्होंने बताया कि रविवार को मंडल के सालरिया, ढ़ेलाणा, ड़साणिया का खेड़ा, सोपुरा, खरेड़, सबला जी का खेड़ा, जित्यास, कालिरड़िया एवं नोहरा गांवों का संयुक्त विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के तहत सुबह 9:15 बजे बड़े चारभुजा नाथ मंदिर से कलश यात्रा एवं शोभायात्रा का शुभारंभ होगा, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए रड़ा की माताजी मंदिर पहुँचेगी। वहां दोपहर 1:30 बजे आगंतुक अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया जाएगा। इसके पश्चात संतों के आशीर्वचन होंगे तथा भारत माता की आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

बैठक में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, मार्ग, सुरक्षा एवं सहभागिता को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर रोडू गाडरी, अमरचंद गाडरी, बालू सुवालका, चांद सिंह, जगदीश श्रोत्रिय, नंदलाल दरोगा, दयाल सिंह, रामकुमार जाट, सुशील श्रोत्रिय, कमलेश जाट, गोविंद प्रजापत, कालू टेलर, लवेश जैन, सांवरमल वैष्णव, नारायण लाल जाट सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### भोपालगंज माहेश्वरी महिला मंडल की नई कार्यकारिणी गठित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



भोपालगंज माहेश्वरी महिला मंडल के चुनाव में अध्यक्ष पद पर सुमन सोमानी एवं मंत्री पद पर शीतल जागेटिया को सर्वसम्मति से चुना गया। कोषाध्यक्ष के रूप में अंजना मालू तथा संगठन मंत्री के पद पर ललिता सोमानी को नियुक्त किया गया। वर्तमान अध्यक्ष कल्पना सोमानी ने बताया कि नगर माहेश्वरी महिला संस्थान की अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी के निर्देशन में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें पर्यवेक्षक के रूप में गायत्री मूंदड़ा एवं नीलम माहेश्वरी का सानिध्य रहा।

नव निर्वाचित अध्यक्ष सुमन सोमानी ने सभी सदस्यों के सहयोग से संगठन को मजबूती देने का संकल्प व्यक्त किया। अंत में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर एवं मुँह मीठा कर स्वागत किया गया।

### बदनौर में मुंसिफ कोर्ट स्थापना की मांग, विधायक साँखला ने सदन में उठाया मुद्दा

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



बदनौर क्षेत्र के लोगों को सस्ता व सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विधायक जब्बर सिंह साँखला ने विधानसभा के 16वें पंचम सत्र में प्रश्नकाल के दौरान बदनौर में न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय (मुंसिफ कोर्ट) स्थापित करने की मांग उठाई। उन्होंने क्षेत्र की भौगोलिक कठिनाइयों और आमजन की परेशानियों को सदन के समक्ष प्रमुखता से रखा।

विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह तंवर ने बताया कि प्रश्नकाल के दौरान विधायक साँखला की मांग पर विधि मंत्री जोगाराम पटेल ने सदन को अवगत कराया कि वर्तमान में बदनौर क्षेत्र में 812 प्रकरण लंबित हैं, जबकि नए न्यायालय की स्थापना के लिए लगभग 1700 से अधिक प्रकरणों की आवश्यकता होती है।

इस पर विधायक साँखला ने पूरक प्रश्न के माध्यम से कहा कि बदनौर पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है, जहां परिवहन के साधनों का अभाव है। क्षेत्रवासियों को न्यायिक कार्यों के लिए 55 से 60 किलोमीटर दूर ब्यावर न्यायालय जाना पड़ता है, जो विशेषकर गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए बेहद कठिन है। विधायक साँखला ने नियमों में शिथिलता बरतते हुए दूरस्थ व पिछड़े क्षेत्रों में न्यायालय खोलने की मांग की, ताकि आमजन को अपने क्षेत्र में ही सस्ता और सुलभ न्याय मिल सके।

इस पर विधि मंत्री जोगाराम पटेल ने आश्वस्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार सुलभ एवं पारदर्शी न्याय व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध है। न्यायालय की अनुमति के आधार पर बदनौर सहित अन्य दूरस्थ क्षेत्रों के लिए नियमों में संशोधन के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

### नया बापू नगर में पेयजल समस्या का स्थायी समाधान, नई पाइपलाइन से शुरू हुई नियमित आपूर्ति

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



शहर के वार्ड संख्या 11 स्थित नया बापू नगर में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का अब स्थायी समाधान हो गया है। शहर विधायक अशोक कोठारी, की अनुशंसा पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) द्वारा क्षेत्र में नई पाइपलाइन डालकर कॉलोनी को नियमित पेयजल आपूर्ति से जोड़ दिया गया है।

क्षेत्रवासियों को वर्षों से पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा था। कई बार शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक कोठारी ने संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए, जिसके बाद पीएचईडी ने प्राथमिकता के आधार पर कार्य करते हुए नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण किया।

नई पाइपलाइन जुड़ने के बाद अब नया बापू नगर के निवासियों को नियमित एवं सुचारु रूप से पेयजल उपलब्ध होने लगा है, जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।